तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 छोटी मानसिकता के लोगों के कारण ही प्रदेश में बिगड़ता है ...





12 स्पा सेंटरों में देह व्यापार का खेल, जनवरी से अब ...




## खबर संक्षेप

### गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

दुर्ग। मोहन नगर थाना अंतर्गत गांजा की बिक्री के लिए घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी धमधा रोड पुराना सब्जी मंडी शौचालय के पास पानी टंकी के बगल में मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहा था। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की घेराबंदी की। संदेह के आधार पर उसे पकड़ा। आरोपी के पास से चाकू एवं मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। आरोपी शुभम उर्फ तुरहा पिता रामजी तिवारी उम्र 23 साल निवासी सिकोला भाटा के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में विवेचना जारी है।

### समोसे की चटनी पर बवाल, ड्राइवर से होटल संचालक ने की मारपीट

भिलाई। कैलाश नगर में समोसे के साथ चटनी मांगना एक ड्राइवर को भारी पड़ गया। मामूली बात पर समोसा सेंटर संचालक ने ग्राहक की डंडे से पिटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित राजेश दुबे (52 वर्ष) सुंदर विहार फेस-1 कुरूद का रहने वाला है। रविवार दोपहर वह अपने साले के घर मदर टेरेसा नगर कैंप-1 से लौट रहा था। रास्ते में उसके दोस्त छोटू मोहम्मद खान और सदरूद्दीन अंसारी मिले। तीनों ने कैलाश नगर एकता चौक के पास स्थित राजू समोसा सेंटर में समोसे खाने का फैसला किया। खाने के दौरान जब राजेश ने दोबारा चटनी मांगी, तो संचालक राजू और उसके साथ काम करने वाले सप्लायर ब्वाय ने गुस्से में कह दिया कि दोबारा चटनी नहीं मिलेगी। बात बढ़ी तो दोनों ने मिलकर राजेश से मारपीट कर दी। मारपीट में राजेश के दाहिने गाल, हथेली और कमर में चोटें आईं। उसने जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### गद्दा और पर्दा दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

भिलाई। सेक्टर-6 ए मार्केट में गद्दा-पर्दा की दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान धुएं और लपटों से भर गई। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन टीमें मौके पर पहुंची। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक बीएसपी सेक्टर-6ए मार्केट स्थित विशाल जैन की गद्दा-पर्दा की दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही टीम को तत्काल रवाना किया गया। मौके पर पहुंचते ही फायरब्रिगेड कर्मियों ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। फायरब्रिगेड आग की तेज लपटों और घने धुएं के बीच दुकान के अंदर घुसे और लगातार पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की।

# शराब पीकर कर्मचारी ने कलेक्टोरेट में किया 'तमाशा', जनता हैरान

## भू अभिलेख शाखा के कर्मचारी ने शराब के नशे में कार्यालय में मचाया हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में उस वक्त माहौल गर्म हो गया जब शिक्षा विभाग का एक कर्मचारी शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए दफ्तर पहुँच गया। भू अभिलेख शाखा में अटैच यह कर्मचारी जब कलेक्टोरेट गेट पर पहुँचा, तो उसके कदमों की दिशा और बोली दोनों ही काबू से बाहर थीं। फाइलों से सजे सरकारी बरामदे में नशे में धुत यह कर्मचारी कुछ देर में खुद सरकारी काम का तमाशा बन गया।

सप्ताहिक जनचौपाल के कारण पहले से ही कार्यालय में भारी भीड़ थी। जनता अपनी शिकायतें लेकर आई थी, लेकिन अचानक यह दृश्य देखकर सबकी नज़रें उसी ओर टिक गईं। कोई मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगा, तो कोई मुस्कुराते हुए बोला — लगता है अब सरकारी ड्यूटी पर जाने से पहले परफॉर्मेंस ड्रिंक जरूरी हो गई है! लोगों की भीड़ बढ़ती गई। कर्मचारी कभी दीवार से टिकते, कभी कुर्सी ढूंढते और फिर नीचे ही बैठ जाते। सरकारी दफ्तर के बरामदे में उनकी यह हालत देखकर लोगों ने कहा — अब सरकारी सेवा भी मस्ती में है।

**कर्मचारी को कराया गया अस्पताल में भर्ती:** स्थिति बिगड़ती देख कलेक्टोरेट स्टाफ ने कर्मचारी को किसी तरह अस्पताल पहुँचाया। सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि व्यक्ति पूरी तरह नशे की हालत में था। उसे चिकित्सा परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### जनता में चर्चा- अब काम नहीं शराब नीति पर कार्यशाला चाहिए

इस घटना को लेकर शहर में दिनभर चर्चाएं चलती रहीं। लोग व्यंग्य करते रहे- जब अधिकारी मौन रहें और कर्मचारी मदहोश, तब जनता को किससे उम्मीद रखनी चाहिए? अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में सरकारी कामकाज की नई यूनिफॉर्म में शायद 'कॉर्क ओपनर' भी शामिल होगा।



### डीईओ बोले वायरल वीडियो पर जांच के निर्देश

इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त व्यक्ति शिक्षा विभाग का कर्मचारी है, जो बालक शाला बेमेतरा में पदस्थ है और वर्तमान में भू-अभिलेख शाखा में अटैच है। उन्होंने कहा - कर्मचारी का नशे की हालत में कलेक्टोरेट आने का वीडियो वायरल हुआ है। इस पर उप संचालक को जांच के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सक की रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# नशे में धुत नाबालिग ने मचाया उत्पात, नागरिकों में भारी रोष

**आक्रोश**

**बस स्टैंड और घरों में तोड़फोड़ व चोरी, पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर इस समय नशे के चपेट मे है एक जमाने से अवैश शराब व गांजे की बिक्री पर प्रतिबंध नही लग पाने से अधिकांश युवक नशे के गिरफ्त मे आकर रात दिन उत्पात मचा रहे है जिससे नागरीको मे रोष व्याप्त है। 27 अक्तूबर की दरमियानी रात वार्ड क्र 02 मे नशे मे धूत नाबालिग युवक ने जमकर उत्पात मचाया बस स्टैण्ड मे खङी लगभग आधा दर्जन माल वाहको के कांच तोङकर क्षति पहूंचाया है वही तीन घरो के ताले तोङकर चोरी करने के भी आरोप लगे है।

उक्त उत्पाती युवक को आज पूलिस ने गिरफ्तार कर वाहनो मे तोड़-फोड़ व चोरी के संगीन मामलो मे एफआईआर के मुताबिक प्रतिबंधात्मक धाराओ मे कार्रवाई की है उक्त युवक पिछले माह ही एक घर से नगद राशा व जेवरात चोरी के मामले मे निरूद्ध हुआ था।नगर मे अवैध रूप से बिक रही शराब,गांजे व नशीली टेबलेट की बिक्री के चलते नगर का वातावरण प्रदूषित हो चला है आये दिन चोरी व मारपी की घटनाओं से आमजन परेशान है।

## नगर में अवैध शराब, गांजा और नशीली दवाओं का व्यापार बढ़ा संकट



### नशे पर विराम लगाना जरुरी

नगर मे पिछले कई सालो से नगर मे शराब,गांजे व नशीली टेबलेट की बिक्री के चलते ही नगर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है जिस पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है,युवाएं नशे की गिरफ्त मे आकर असमाजिक कार्य को अंजाम दे रहे है,लगातार घटती घटनाओ को लेकर नागरीक असुरक्षित महसूस कर रहे है जिससे पुलिस फिरहाल बैकफूट पर आ गयी है अब लोग नगर मे एक जन आन्दोलन छेङने की तैयारी मे है।

### बस स्टैंड में की तोड़फोड़

गौरतलब है कि बीती रात नगर का बस स्टैण्ड ईलाके एक नशे मे चूर एक नाबालिग ने जमकर उत्पात मचाया है उसने तीन घर के ताले तोङकर टीवी,चांदी के पायल,गुल्लक के सिक्के तथा अन्य सामानो की चोरी तो की ही वही बस स्टैंड मे खङी आधा दर्जन माल वाहको के कांच तोङकर क्षति पहूंचाया है ।पुलिस ने सीसी टीवी फूटेज के आधार पर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्र 01 निवासी एक नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर उसके उपर चोरी के लिए बीएनएस की धारा 305(क), 331(4), 324(2) तथा वाहनो को तोङफोङ करने के आरोप मे बीएनएस की धारा 324 (5) के तहत कार्रवाई की है उक्त युवक ने ही पिछले माह वार्ड क्र 05 के एक घर से नगद राशि व जेवरातो की चोरी की थी और जमानत पर रिहा हो पिछले हफ्ते की आया था।

# ओपन नेशनल कराटे स्पर्धा में बेमेतरा के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला महाविद्यालय, सेक्टर–9, भिलाई में आयोजित "ओपन नेशनल कराटे टूर्नामेंट" में द वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस अकादमी, बेमेतरा के 13 खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों ने अपने कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक जीते जिनमें 2 स्वर्ण 3 रजत 12 कांस्य पदक है भिलाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 540 खिलाड़ी, 35 ऑफिशियल्स तथा 45 कोच एवं टीम प्रबंधक सम्मिलित हुए थे। टीम के मुख्य प्रशिक्षक भानुप्रताप साहू एवं बालिका टीम प्रबंधक सत्या राजपूत, बालक टीम प्रबंधक हरि राम रहे ।

इस प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी के तौर में यशस्वी साहू स्वर्ण , भावी टंडन आस्था वर्मा, अंश सिंह बैस,यशस्वी वर्मा, आयुषी साहू, भावार्थ सिंह बैस,आरव सिन्हा,रुद्र चौहान, वसुंधरा शुक्ला, आरुषि बंजारे ,राजवीर वर्मा तेजस वर्मा रहे। विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देने वालों में विवेक पोल, डॉ. रमेश धनगर, भाग्यश्री पोल, शिल्पा राठी, नम्रता साहू सहित बड़ी संख्या में पालक रहे।

# शीतला माता मंदिर से चोरी, सोने-चांदी के आभूषण और दान पेटी का रुपये सहित गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

■ देवकर पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच में जुटी

पुलिस चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बचेड़ी के दैहान से लगा सुरही नदी के किनारे पर स्थित शीतला माता मंदिर से चोर ने गहना और दान पत्र में रखा नगद रकम को लेकर फरार हो गया। सोमवार कि मध्य रात्रि लगभग 11.30 से 12 बजे के बीच चोरी कि वारदात कि संभावना जताई जा रही है। पूर्व सरपंच मनोहर यादव ने घटना स्थल से लगभग 200 मीटर कि दूरी में वारदात कि रात लगभग 11.30 से 12 बजे के बीच बचेड़ी मोड़ में बरगद पेड़ के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा उसके पास डीलक्स मॉडल कि बाइक थी।

कार्तिक माह होने के कारण रात काफी अंधेरा था, इसलिए उसका हुलिया पूर्व सरपंच ने नही बता पाया। 7 वर्षो से पूजा कर रहे गांव के ही पुजारी आत्मा राम सिन्हा ने बताया कि गर्भ गृह में लगा दो ताला को तोड़कर शीतला मां कि पुरानी मूर्ती और नई मूर्ति से सोने और चांदी के आभूषण कि चोरी हो गई। गांव के अनिरुद्ध सिन्हा को सुबह 5 बजे मंदिर दर्शन के दौरान मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ पाया तो वही कार्तिक माह में नदी में दीपक प्रवाहित करने जा रही उसकी पत्नी को दान पेटी टूटी हुई अवस्था में देखा।



### 3 साल से नहीं खुली थी पेटी, चोरों ने की साफ

मंदिर समिति के सदस्य सनत सिन्हा, अघनू सिन्हा, धर्म राज सिन्हा, चम्पेश्वर सिन्हा और संत राम सिन्हा ने बताया कि दान पेटी 3 वर्षों से नही खुला है। शीतला मां कि पुरानी और नई मूर्ति से चांदी के सिक्कों का हार, तीन नग सोने कि लॉकेट को चोर ने पार कर दिया। देवकर पुलिस ने बताया कि चोरी हुई आभूषण कि कीमत लगभग 45 से 50 हजार के बीच है, तो वही दान पेटी में रकम 11 हजार से 12 हजार के बीच बताई जा रही है। चोर ने चांदी कि छतरी और मुकुट को छोड़ दिया है, जिसकी आज कि अनुमानित रकम 40 हजार बताई जा रही है। मामले कि पता साजी में साइबर सेल बेमेतरा और देवकर पुलिस जुट गई है।

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए 32 आवेदन

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार क्रो कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम बेंदरची निवासी नगपुरिहा ने साजा सोमईकला चिल्फी बेंदरची मार्ग में प्रभावित भूमि का मुआवजा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील थान खम्हरिया के ग्राम पप्पू बंजारे ने एग्रीस्टेक पोर्टल मे खसरा डालने पर भी नाम नही दिखाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम लावातरा निवासी देवचरण ने नामांतरण एवं प्रमाणीकरण करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम सेमरिया निवासी मनहरण सिंह ने सरपंच एवं उनके पति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम जिया के समस्त ग्रामवासी ने भूपेन्द्र वर्मा के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर आपत्ति दर्ज कर उक्त आवेदन पर निरस्त किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम फरी के समस्त ग्रामवासी ने सुखा राहत राशि दिलाये जाने के संबंधम में आवेदन दिया, इसी प्रका तहसील बेमेतरा के ग्राम लावातरा निवासी सफुरा बाई ने पेशी खरीज करने के संबंध में आवेदन दिया।



### कलेक्टर ने गंभीरता से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, सर्व एसडीएम सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्वच्छ एवं हरित विद्यालय एफएलएन मेला एवं सेवा पुस्तिका सत्यापन पर दिए गए निर्देश

# जिले में हुई संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, स्वच्छ एवं अनुशासित बनाने हेतु विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय का मूल्यांकन सीऐसी द्वारा किया जाएगा। सभी विद्यालयों में भवन की रंगाई-पुताई का कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर फोटोग्राफ साझा करने के निर्देश दिए गए।

विद्यालयों को एजुकेशनल फोटो एवं वीडियो ग्रुप में जोड़ा जाएगा, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि फोटो के बैकग्राउंड में कूड़ा-कचरा न हो और जूते-चप्पल व्यवस्थित रखे जाएँ। इसके अतिरिक्त, पोर्टल में सभी शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश अनिवार्य रूप से दर्ज करने और संस्था प्रमुख द्वारा अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी अद्यतन करना भी आवश्यक बताया गया, क्योंकि इन्हीं के आधार पर मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी।



**14 नवंबर को होगा एफएलएन मेला:** बैठक में यह भी तय किया गया कि 14 नवंबर को एफएलएन मेला प्रत्येक प्राथमिक एवं बालवाड़ी से संबद्ध विद्यालयों में आयोजित होगा, जिसमें गतिविधि आधारित स्टाल लगाए जाएंगे। वहीं 7 दिसंबर को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों की परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत मर्ज विद्यालयों में वरिष्ठतम विद्यालय के प्राचार्य को संस्था प्रभारी बनाया जाएगा और विद्यालय का संचालन उन्हीं के निर्देशन में होगा। विद्युत देयक का भुगतान भी वरिष्ठ विद्यालय को किया जाएगा ।

### नामिनी एवं वार्षिक वेतन वृद्धि की होगी जांच

1 से 5 नवंबर तक विद्यालयों में लाइटिंग कार्य किए जाने तथा सभी कर्मचारियों को अपनी सेवा पुस्तिका का सत्यापन दिसंबर 2025 तक संपरीक्षक एवं कोष लेखा कार्यालय से कराना अनिवार्य किया गया। प्रत्येक कर्मचारी को अपने सेवा पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर परिवार विवरण, नामिनी एवं वार्षिक वेतन वृद्धि की जांच करनी होगी, ताकि वेतनमान में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी, जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) राजकुमार वर्मा, एम.आई.एस. प्रशासक खिरामन साहू, तथा प्राचार्य शा.बालक उ.मा.वि. टी.डी. जांगड़े उपस्थित रहे।




# ई-बॉल तकनीक से होगी तालाबों की सफाई, हानिकारक तत्व होंगे नष्ट

**नगर निगम भिलाई ने शुरू किया काम, महाराष्ट्र, यूपी, रायपुर, अंबिकापुर में किया जा चुका है प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अब नगर निगम भिलाई क्षेत्र के छठ तालाबों की सफाई के लिए ई-बॉल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई है। यह पानी की गुणवत्ता सुधारने में बेहद असरदार माना जा रहा है। निगम का कहना है कि यह पहल न केवल छठ पूजा के लिए स्वच्छ जल सुनिश्चित करेगी, बल्कि भविष्य में जल स्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता बनाए रखने में भी सहायक होगी। नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि 15 फीट गहराई वाले एक एकड़ तालाब के लिए 120 ई-बॉल पर्याप्त होती है। इस तकनीक का सफल उपयोग पहले ही अंबिकापुर, रायपुर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में किया जा चुका है। आयुक्त के निर्देश के बाद भिलाई नगर निगम क्षेत्र के तालाबों में भी इसका प्रयोग प्रारंभ की गई है।





### पानी में बदबू और प्रदूषण फैलाने वाले हानिकारक तत्वों को नष्ट करती है ई-बॉल

ई-बॉल 14 प्रकार के लाभदायक बैक्टीरिया, फंगस और कैल्शियम कार्बोनेट (चूना) पाउडर का मिश्रण होती है। प्रत्येक ई-बॉल लगभग 10 से 12 ग्राम वजनी होती है। इनमें मौजूद सूक्ष्मजीव 12 घंटे में पानी में घुल जाते हैं और 48 घंटे में असर दिखाने लगते हैं। ये जीव पानी में सड़न और प्रदूषण फैलाने वाले हानिकारक तत्वों को नष्ट करते हैं। ई-बॉल पानी के पीएच, टीडीएस, बीओडी और सीओडी स्तर को संतुलित करती है, जिससे पानी की गुणवत्ता में सुधार आता है। यह पूरी तरह इको-फ्रेंडली है और इससे जलीय जीव-जंतुओं या पौधों को कोई नुकसान नहीं होता।

### भिलाई क्षेत्र के इन तालाबों में डाली गई ई-बॉल

सेक्टर 7 तालाब, सेक्टर 2 तालाब, खुर्सीपार बापू नगर, सूर्यकुंड, दर्री तालाब, बाबा बालक तालाब, बैकुंठधाम कैंप 1, हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुंड, कैंप 1 मुक्तिधाम, कुरुद नकटा तालाब, सुपेला शीतला माता तालाब, स्मृति नगर, भेलवा तालाब, संजय नगर, आमा तालाब, दाऊबाड़ा, लिम्हा और भेलवा वार्ड 13 तालाब में ई-बॉल डाली गई।

## खबर संक्षेप



### एथलीट चैंपियनशिप में चरोदा की बेटी ने मारी बाजी, सम्मानित

**भिलाई।** रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 का आयोजन हुआ। रांची में हुए इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बेटी नेनाम रौशन किया है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी थोटा संकीर्तना शामिल हुई। थोटा संकीर्तना ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, उसे कांस्य पदक मिला है। इस चैंपियनशिप में भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। संकीर्तन दुर्ग जिले के चरोदा भिलाई तीन नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जी केबिन चरोदा की रहने वाली है। उसकी इस उपलब्धि से जी केबिन चरोदा के लोगों ने खुशी जताई है।

### घनश्याम साक्षरता सेवी रामकिशोर पांडे स्मृति सम्मान से हुए सम्मानित



**भिलाई।** लगभग 35 वर्ष पूर्व 90 के दशक में दुर्ग जिला में चले साक्षरता अभियान, उत्तर साक्षरता एवं सतत शिक्षा अभियान तथा साक्षरता से जुड़ी सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी एवं उत्कृष्ट योगदान देने के लिए पूर्व परियोजना संयोजक घनश्याम कुमार देवांगन का दिवंगत साक्षरता सेवी स्व. रामकिशोर पांडे की स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। जैन भवन सेक्टर-6 में साक्षरता मित्र मंच के द्वारा आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा एवं पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. बीएल तिवारी के करकमलों से पद्मश्री शमशाद बेगम, पद्मश्री कुंवर सिंह निषाद एवं पूर्व साक्षरता निदेशक एवं साक्षरता मंच के अध्यक्ष डॉ. डीएन शर्मा की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# स्पा सेंटरों में देह व्यापार का खेल, जनवरी से अब तक टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका, डेनमार्क, कोरिया से 17 विदेशी पहुंचे, लेकिन कई नहीं लौटे

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

भिलाई-दुर्ग में पिछले कुछ समय में देह व्यापार के मामले तेजी से बढ़े हैं। स्पॉ सेंटरों की आड़ में यह गोरखधंधा फलफूल रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है।

बता दें कि जनवरी 2025 से लेकर अक्टूबर माह तक 17 विदेशी युवतियां टूरिस्ट वीजा में दुर्ग जिले में आईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमेरिका, डेनमार्क, यूक्रेन, कोरिया, जर्मनी, जापान, थाईलैंड, मलेशिया और बैंकॉक से आए, लेकिन कई वापस नहीं लौटे। पुलिस को इनके लौटने की जानकारी भी नहीं दी गई। खास बात यह है कि इनके बारे में पुलिस के पास फिलहाल कोई जानकारी भी नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को इस बारे में जानकारी दी गई, तो उन्होंने तत्काल ऐसे सारे टूरिस्ट वीजा में आए लोगों की जानकारी जुटाने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। साथ ही कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। बता दें कि इन देशों से आने वाली युवतियां मुख्य रूप से स्पा सेंटरों में सेवाएं दे रहीं हैं। इन स्पॉ सेंटरों की आड़ में देह व्यापार का कारोबार चल रहा है। पिछले दिनों पुलिस की कार्रवाई से इसका खुलासा हुआ। बता दें कि स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र इन स्पा सेंटरों का हॉट सेंटर बना हुआ है, जहां 40 से ज्यादा स्पा संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। पुलिस की खानापूर्ति के कारण इन स्पा सेंटरों में बेखौफ मसाज और अन्य कार्यों की आड़ में देह व्यापार का खेल चल रहा है।

**स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत सबसे ज्यादा 40 स्पा सेंटर चल रहे, इसी क्षेत्र में सबसे अधिक विदेशी युवतियों के होने की आशंका**

### स्पा सेंटरों की नहीं हो रही जांच देर रात 12 बजे तक रहते हैं खुले

टूरिस्ट वीजा पर स्पा सेंटर काम करने के लिए युवतियां, महिलाएं पहुंच रही हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दस माह में 17 लोग पहुंचे हैं, जो यहां रहकर स्पा सेंटर में काम कर रही हैं। जिले में सबसे अधिक स्पा सेंटर स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में है, जहां कई विदेशी महिलाएं, युवतियां काम कर रही है, लेकिन इनकी सारी जानकारी स्मृति नगर पुलिस नहीं खंगाल रही है। सिर्फ यहां के स्पा सेंटरों में अवैध कारोबार करने की छूट दे रखा है। इस टूरिस्ट वीजा के बड़े खेल में कई बार वीजा समाप्त होने के बाद भी विदेशी युवतियां यहां रुकी रहती है मगर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती है। स्पा सेंटर रात 12 बजे तक खुले रहते हैं। उक्त स्पा सेंटरों में स्मृति नगर चौकी के संरक्षण में बेखौफ अवैध कारोबार चल रहा है।



### लगातार शिकायतों के चलते की जा रही जांच

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुपेला स्थित एक्वा स्पा सेंटर में पुलिस ने दबिश दी थी, लेकिन यहां आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। यह स्पा लंबे समय से चल रहा था। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों से भी पूछताछ की गई। एक्वा स्पा सुपेला थाना के नजदीक है। आरोप है कि इसे छापे की जानकारी पहले से मिल गई थी।

### स्पा की आड़ में हो रहा था देह व्यापार

स्मृति नगर पुलिस चौकी में स्थित लोरेंजो स्पा और ली वेलनेस स्पा में दबिश दी गई थी। यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार किया जा रहा था। स्पा से गौरव कोठारी, रचित दास, संतोष कुमार, अब्बास अली, पवन पाण्डेय, धनेश्वर सेन को पकड़ा।

### अक्टूबर 2016 में हुई थी थाई महिला की मौत

पुलिस के मुताबिक बैंकॉक (थाईलैंड) की रहने वाली पुनरम 38 वर्ष की महिला बहन पविना और नैंसी के साथ टूरिस्ट वीजा पर इंडिया आई थी। वह अक्टूबर 2016 से भिलाई के वेद स्पा में काम कर रही थी और शांति नगर में किराए के मकान में बहन और सहेली के साथ रहती थी। उसे उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। वहां उसके दो माह से गर्भवती होने के पता चला। पीड़ित की बहन ने बैंकॉक में परिजनों से इसके बारे में फोन पर बात की। फिर गर्भपात कराने पर सहमति बनी। ऑपरेशन के दौरान अधिक खून बहने से महिला की तबीयत बिगड़ गई। उपचार दौरान उसकी मौत हुई थी।

### जानिए टूरिस्ट वीजा कब-कब विदेशी पहुंचे

पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक जनवरी में 4, मार्च में 1, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर में दो-दो विदेशी दुर्ग जिले में पहुंचे। इसमें अधिकांश स्मृतिनगर क्षेत्र में निवासरत हैं। बहरहाल पुलिस ऐसे सारे टूरिस्ट वीजा में आए लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### देर रात खुले रहते हैं स्पा सेंटर, जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति

स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के स्पा सेंटरों में अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया है। देर रात तक स्पा सेंटर ओपन रहते है। खबर लगातार प्रकाशित होने के बाद पुलिस एक के बाद एक पर कार्रवाई कर संदिग्ध महिला पुरुष स्पा सेंटर से मिल रहें हैं। इसके अलावा आज भी कई स्पा सेंटर स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में हैं, लेकिन उसे जानबूझकर सामने नहीं लाया जा रहा है। ऐसा आरोप है कि दबिश से पहले उसकी जानकारी स्पा सेंटर वालों को हो जाती है। इस कारण कई बार विदेशी युवतियां पकड़ से बाहर रहती हैं।



### जानकारी जुटाई जा रही है

टूरिस्ट वीजा पर यहां पहुंचने वालों की जानकारी जुटाई की जा रही है। वीजा समाप्त होने के बाद भी यहां रुकने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। स्पा सेंटरों पर पुलिस लगातार दबिश देकर कार्रवाई कर रही है। इसे लेकर पुलिस सजग है।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

# टाउनशिप में आवारा मवेशियों की वजह से बढ़ रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज साबित हो रही है। प्रमुख व्यस्ततम मार्गों सहित अंदर के रिहायशी इलाकों में घूमने वाले जानवरों पर अब तक अंकुश नहीं लगाने से दोतरफा समस्या पैदा हो रही है। यूनियनों ने बीएसपी और नगर निगम दोनों से खानपूर्ति के बजाए लगातार धरपकड़क अभियान चलाने की मांग की है। टाउनशिप में के सभी सेक्टरों के आवासीय इलाकों के सामने और व्यस्ततम सड़कों पर विचरने वाले आवारा मवेशियों से दोतरफा समस्या बढ़ रही है। हजारों की तादाद में गाय, बछड़े,सांड व भैंसें बीच सड़कों और बाजारों में घूमते बैठे रहते हैं। इनसे वाहनचालकों के टकराने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रोज कहीं न कही दुर्घटना में लोग घायल हो रहे हैं। कई बीएसपी कर्मी ड्यूटी आते जाते व स्टूडेंट भी घायल हो चुके हैं। वहीं हजारों मवेशियों के गोबर व मूत्र से टाउनशिप की हरियाली और सुंदरता भी चौपट हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेंट्रल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, उतई रोड, ग्लोब चौक रुआबांधा व नेहरुनगर चौक स्टील क्लब रोड, सुपेला चौक से जेपी सीमेंट चौक रोड व सेक्टर एक रोड मुख्य मार्गों सहित क्रास स्ट्रीट रोड में भी मवेशी चार छह के झुंड में बैठे रहते हैं। वहीं आवासीय ब्लाकों के नीचे परिसर में भी गोबर कर गंदगी फैलाते हैं।

### बाजारों में जमावड़ा

सेक्टर एक से लेकर सेक्टर 10 और रिसाली, मड़ौदा सेक्टर तक सभी सेक्टरों में हजारों की तादाद में मवेशी दिन रात घूम रहे हैं। वहीं सेक्टर 6 ए मार्केट व सेक्टर दस मार्केट सहित सभी सेक्टरों के मार्केटों व साप्ताहिक बाजारों में भी आवारा मवेशियों का उत्पाद होता है। व्यवसायियों ने बताया कि मार्केट में कई ग्राहक व व्यापारी सांडों से चोटिल हो चुके हैं। गंदगी अलग फैल रही है। कई मवेशी मालिक गाय आदि क्वार्टरों में गाय पालने की जगह नहीं होने व चारे के खर्चे से बचने के लिए सड़कों पर जानवरो को खुद मरने व लोगों को घायल करने छोड़ दे रहे हैं। ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई जरुरी है।

# और डिले हो सकता है बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव, विलंब से कर्मियों की लंबित हैं कई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी कर्मचारियों को अपनी प्रतिनिधि यूनियन चुनने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। यदि इस साल मान्यता चुनाव नहीं हुए तो अगले साल नगर निगम भिलाई चुनाव के चलते यूनियन निर्वाचन और डिले हो सकता है। लेटलतीफी का खामियाजा हजारों को कर्मचारियों को भुगतना पड़ेगा। यूनियनों ने आईडी एक्ट से जल्द चुनाव कराने की मांग प्रबंधन सीएल से की है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव सालभर से लंबित है। यूनियनों की मांग के बाद भी अब तक चुनाव नहीं होने से कर्मियों की लंबित समस्यों के लिए यूनियनें प्रबंधन पर अपेक्षित दबाव नहीं बना पा रही हैं। पिछली मान्यता यूनियन इस्पात मजदूर संघ बीएमएस का कार्यकाल 24 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। लेकिन अब तक आईडी एक्ट के तहत चुनाव करवाने की जहमत सीएलसी ने उठाई है और न ही प्रबंधन ही कोई ध्यान दे रहा है। गतिरोध की यह स्थिति कर्मियों के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। यूनियनों के मुताबिक वर्ष के बचे दो माह में यूनियन चुनाव नहीं हुआ तो फिर अगले साल नगर निगम भिलाई के चुनाव के चलते यूनियन चुनाव फिर लटक सकता है। गौरतलब हो कि अब तक मान्यता यूनियन चुनाव की प्रक्रिया के नाम पर सिर्फ एक बार सीएलसी ने सर्कुलर जारी कर यूनियनों से सदस्यता आदि संबंधी दस्तावेज मंगाए हैं। प्रबंधन ने भी छह माह पूर्व सिर्फ के बैठक की है। अब तक दर्जनभर यूनियनों में मात्र दो श्रमिक संगठन सीटू और लोइमू ने ही सीएलसी के बास दस्तावेज जमा किए हैं।

### कर्मियों की कई समस्याएं लंबित

यूनियन चुनाव को लेकर श्रमिक संगठनों में मतभेद हैं। अधिकतर यूनियनें जल्द चुनाव चाहती हैं और इनमें अब तक चुनाव नहीं होने से असंतोष है। वहीं कुछ एनजेसीएस यूनियनें चुनाव के पहले वर्ष 2017 से अपूर्ण सेल वेतन समझौता को पूर्ण करवाने की मांग कर रही हैं। इंटक के वीबी सिंह बताते हैं कि चुनाव के पहले लंबित वेतन समझौता के तहत 39 महीने के एरियर्स का भुगतान व भत्ते आदि का निदान जरुरी है। प्रबंधन चुनाव करवाकर यूनियनों को आपस में उलझाना चाहता है।

**एक बार सीटू व एक बार इंटक और बीएमएस :** बीएसपी में मान्यता यूनियन का पिछला चुनाव 23 सितंबर 2022 में हुआ था। भिलाई इस्पात मजदूर संघ संबद्ध बीएमएस ने चुनाव जीतकर सर्वाधिक सदस्यता हासिल की थी। इसके पूर्व दो मर्तबा सीटू और एक बार इंटक ने चुनाव जीतकर मान्यता हासिल की थी। बीएसपी में बीएमएस, सीटू व इंटक, एटक, एचएमएस,एक्टू, लोइमू, इस्पात श्रमिक मंच,बीएसपी वर्कर्स यूनियन, स्टील वर्कर्स यूनियन, बीएकेएस, भिलाई कर्मचारी यूनियन आदि यूनियनें हैं।

# हर व्यक्ति के जीवन में नैतिक उत्कृष्टता होना अत्यावश्यक : चितरंजन महापात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को एचआरडी सेंटर में किया गया। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर किया जा रहा है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महापात्र ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरु किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, सीजीएम तापस दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, तथा मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ सुनील सिंघल सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। श्री सिंघल ने अतिथियों सभी सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्रा नलिनी डड़सेना व छात्र पवन कल्याण ने इस वर्ष की थीम पर अपने विचार व्यक्त किये।

### पढ़ा गया राष्ट्रपति का संदेश

श्री महापात्र ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नैतिक उत्कृष्टता एवं सत्यनिष्ठा का पालन अत्यावश्यक है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को केवल एक औपचारिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि सतर्कता, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति वर्षभर चलने वाले निरंतर संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों का महाप्रबंधक रेणु गुप्ता, दीप्ति राज, उप महाप्रबंधक नौशाद तथा वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक अंशुमान सिंह ने किया किया।

**चार महीने से थमा है बेजा कब्जा हटाओ अभियान**

# टाउनशिप में जल्द बेजा कब्जाधारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में बेजा कब्जाधारियों पर जल्द ही फिर से नकेल कसेगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा तैयारी शुरु कर दी गई है। टाउनशिप में बढ़ रही अस्वच्छता और अराजकता के खिलाफ अंकुश लगाने के लिए नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग में बतौर प्रभारी नई नियुक्ति की गई है और टीम को अपडेट किया जा रहा है। अगले महीने के आखिर तक चौतरफा अतिक्रमणाकिरियों के विरुद्ध अभियान शुरु किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में बेजा कब्जे बढ़ने से इस्पातनगरी की सुंदरता कम होने के साथ अस्वच्छता भी बढ़ रही है। साथ ही अराजकता भी बढ़ रही है। वहीं बरसात, चुनाव और त्योहार का मौसम भी खत्म हो चुका है। पिछले कुछ महीने से व्यस्ततम सड़कों के किनारे बेतरतीब कब्जों के साथ बीएसपी क्वार्टरों और खाली जमीनों पर भी कब्जे बढ़े हैं। इसकी वजह पिछले पांच महीने से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेजा कब्जा हटाओ अभियान का थमा होना बताया जा रहा है। इसे देखते हुए विभाग द्वारा अब चौतरफा कब्जाधारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। प्रबंधन द्वारा बीएसपी सेंट्रल इलेक्ट्रिकल आर्गेनाइजेशन के सहायक महाप्रबंधक रेमी थामस को प्रवर्तन विभाग का नया प्रभारी बनाकर टाउनशिप को पूरी तरह स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक अनुभाग की टीम में कसावट लाने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

- अनफिट आवासों से कब्जा हटाने हाई कोर्ट दे चुका है बीएसपी के पक्ष में फैसला



बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री थामस को अगस्त माह में हटाए गए इंफोर्समेंट प्रमुख जीएम केके यादव की जगह नई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। बेजा कब्जा मुहिम अगले माह नवंबर में फिर से शुरु किए जाने की तैयारी है। हास्पिटल सेक्टर में अनफिट बीएसपी आवासों के कब्जों के विरुद्ध हाईकोर्ट के स्थगनादेश हटा लेने से अन्य सेक्टरों में क्वार्टरों से कब्जाधारियों को हटाने कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

# वायशेप ब्रिज रायपुर नाका पिछले 7 दिनों से अंधेरे में, हादसों का खतरा बढ़ा

**दुर्ग।** दीपावली त्योहार से लेकर अब तक वाईशेप ब्रिज रायपुर नाका की स्ट्रीट लाइट बंद है। इतना ही नहीं रायपुर नाका के क्षेत्र में भी अंधेरा पसरा हुआ है। खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी इसे लेकर न ही दुर्ग निगम ने गंभीरता दिखाई है, न ही बिजली कंपनी रूचि दिखा रहा है। इस वजह से दीपावली और छठ त्योहार के बीच यह क्षेत्र अंधेरे के आगोश में है। सिंधिया नगर तालाब में सोमवार को भक्तों ने छठ त्योहार में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस बीच अंधेरा गया, लेकिन बिजली गुल होने की वजह से व्रती महिलाओं को अंधेरे के बीच से होकर गुजरना पड़ा। बता दें कि पिछले लंबे समय से रात के समय यहां संदिग्ध गतिविधियां हो रही है। यह क्षेत्र नशाखोरी का अड्डा हुआ है। दिन में गैरेज का संचालन होता है, इसके बाद रात में संदिग्ध गतिविधियां हो रही है। पुलिस गश्त नहीं होने की वजह से रात के समय इस मार्ग से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। रात साढ़े 10 बजे के बाद लोग इस मार्ग से गुजरने से डरने लगे हैं।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है। **मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक**

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालय में आईटी डेस्क स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला कार्यालय कबीरधाम के एनआईसी कक्ष में आईटी डेस्क की स्थापना की गई है। आईटी डेस्क में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर सितेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। यह डेस्क निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए जिले में चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्य की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करेगा।

### छिरहा स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्मार्ट क्लास का ऑनलाइन शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय अब वर्तमान डिजिटल युग की शिक्षा पद्धति से जुड़ गया है, इससे एक क्लिक के माध्यम से पूरे विश्व से जुडा जा सकता है। सभी विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ लेते हुए खूब मेहनत करें। अति विशिष्ट अतिथि लोकचंद साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के सतत प्रयास से सभी क्षेत्र में विकास हो रहा है, उन्हीं के प्रयास से छिरहा स्कूल को यह सौगात मिला है। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार होना भी आवश्यक है। सभी विद्यार्थी कठोर परिश्रम करें और इस बात का ध्यान रखें कि हार के बाद जीत है। विशिष्ट अतिथि चंदन पटेल व पवन पटेल ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों व विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराया। ्या गया।

## विरोध

### समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी, भड़का सतनामी समाज

# छोटी मानसिकता के लोगों के कारण ही प्रदेश में बिगड़ता है सामाजिक सौहार्द : आगर दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रायपुर के आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज के विरूद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सतनामी समाज में भारी आक्रोश व नाराजगी देखने को मिल रही है। जिसे लेकर सतनामी समाज के लोगों ने आदेश सोनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सतनामी समाज के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आदेश सोनी ने एक साक्षात्कार के दौरान सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहा है। इस पर समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए आदेश सोनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है।

■ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

गत 25 अक्टूबर की रात एक न्यूज चैनल की लाइव डिबेट में आदेश सोनी ने सतनामी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके चलते समाज ने इसे अपनी आस्था और इतिहास का अपमान बताया है। सतनामी समाज ने पुलिस प्रशासन तथा शासन से आदेश सोनी के विरूद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत और धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में कार्रवाई की मांग रखी है साथ ही जिला सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि अगर कार्यवाही नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।



### छोटी मानसिकता से बिगड़ता है सामाजिक सौहार्द : डेहरे

सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति बेमेतरा के अध्यक्ष आगर दास डेहरे ने कहा कि आदेश सोनी जैसे छोटी मानसिकता के लोगों के कारण ही प्रदेश में सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है और वर्ग संघर्ष बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के धर्मगुरु अगम दास जी साहेब,राजमहंत नैनदास महिलांगे,अंजोर दास कोसले तथा मालगुजार रतिराम गौटिया जैसे समाज सेवकों के द्वारा अंग्रेजी हुकुमत के समय गौ हत्या के खिलाफ आंदोलन चलाकर करमनडीह,ढाबाडीह में संचालित कत्लखानों को बंद कराया गया था। फिर भी समाज के लोगों को गौ हत्यारा कहकर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है ।

### ये रहे शामिल

ज्ञापन देने वालों में आगर दास डेहरे, खेमसिंह बारले,खिलावन जांगड़े, डॉ किशोर कुमार डहरिया, राजेश नवरंगे,जितेन्द्र बघेल,संतोष घोरबंदे, धर्मेंद्र आडिल,उमेंद भारती, शांतिलाल बांधे, रामेवर बंजारे,लेखा भारती,बबलू जनार्दन, मूलचंद बंजारे,निर्जल कुमार डिंडोरे, रामेश्वर अनंत,राजालाल बंजारे तथा समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

## टीवी बहस मंच पर सतनामी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज में रोष

**नवागढ़/बेमेतरा।** एक राष्ट्रीय टीवी बहस कार्यक्रम में सतनामी समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने समाज में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। रायपुर निवासी आदेश सोनी द्वारा सार्वजनिक मंच पर समाज को अपमानित करने वाले शब्द कहे जाने के बाद नवागढ़ के समाजजनों ने नवागढ़ थाने में आवेदन देकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

■ आदेश सोनी के खिलाफ एफआईआर की मांग तेज

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि बहस के दौरान आदेश सोनी ने समाज की मर्यादा को ठेस पहुँचाने वाले शब्दों का प्रयोग किया, जिससे समूचे समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं। समाजजनों ने कहा कि सतनामी समाज का इतिहास सदैव सत्य, अहिंसा और करुणा पर आधारित रहा है। बाबा गुरु घासीदास ने जीवन भर मानवता, समानता और जीवों पर दया का संदेश दिया है। सतनामी समाज नवागढ़ के वरिष्ठ सदस्य देवादास चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे समाज को बदनाम करने का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। आदेश सोनी जैसे लोगों की मानसिकता समाज में जहर घोलने का काम करती है। प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।




### आदेश सोनी का वक्तव्य घोर आपत्तिजनक : घोष

तिलक घोष ने कहा कि सार्वजनिक मंचों से जिम्मेदारी की बात होनी चाहिए, न कि किसी समाज को नीचा दिखाने की। आदेश सोनी का वक्तव्य घोर आपत्तिजनक है और इससे सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुँची है। वहीं गिरेंद्र महिलांग ने कहा कि सतनामी समाज हमेशा शांति और भाईचारे का पक्षधर रहा है। इस प्रकार के बयान सामाजिक एकता को कमजोर करते हैं। पुलिस को तत्काल मामला दर्ज करना चाहिए। समाजजनों ने थाना प्रभारी से मांग की है कि आदेश सोनी के विरुद्ध समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के दुरुपयोग के आरोप में अपराध पंजीबद्ध किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे बयान दोहराने वालों पर भी सख्त निगरानी रखी जाए।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान रतन दिवाकर, द्वारिका बोयरे, राहुल भास्कर, धरम दिवाकर, हर्ष बघेल, विमल घृतलहरे, शैलेश्वर, कमल, तीर्थराज, राहुल डहरिया, अजीत राज, ईश्वर कुर्रे, विनोद बंजारे, अमर दास, सूरज, अनीस सहित सतनामी समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# धौराभाटा मडई मातर और लक्ष्मी पूजन में शामिल हुए आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धौराभाटा (धमधा) में आयोजित मडई मातर तथा लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का यह आयोजन न केवल मातृशक्ति की आराधना का पर्व है बल्कि यह एक सामाजिक मिलन का भी पर्व है जिसमें हम सभी आपस में मिलजुल कर अपने ग्राम में आपसी भाईचारे के साथ एक होकर दीपावली पर्व मंडई मातर एवं लक्ष्मी पूजन का आयोजन करते हैं। छत्तीसगढ़ की यह संस्कृति ही हमें आपस में बाधे हुए रखी है और हमारे पुरखों की यह अनमोल विरासत को हमें हमेशा इसी तरह सजो कर रखना है आपसी भाईचारे और सौहार्द का यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए ग्रामीण अंचलों में जो इस परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है वास्तव में यहीं हमारी संस्कृति को समृद्ध और संरक्षित किया गया है इस अवसर पर उपस्थित सूर्य प्रकाश शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि बेमेतरा उषा सोनवानी सदस्य जिला पंचायत दुर्ग ओनी महिलांग मनोज शर्मा धनराज बंजारे लक्ष्मी साहू भागवत साहू पुनउ साहू जितेंद्र साहू दाऊ राम यादव संस्कार शर्मा खुमान साहू टीकम साहू एवं यूवा महालक्ष्मी समिति के सदस्य सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



### पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित सिटी क्लब कवर्धा बनी विजेता

**कवर्धा।** पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, पुलिस विभाग जिला कबीरधाम द्वारा दो दिवसीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 26 से 27 अक्टूबर 2025 तक कवर्धा पुराना पुलिस लाइन स्थित व्हॉलीबॉल मैदान में आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वीर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान शहीदों के पराक्रम, त्याग और समर्पण को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरित होकर, खेल भावना और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में यह आयोजन किया गया। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें कवर्धा, नवापारा, रेतापारा, सिटी क्लब कवर्धा, कवर्धा पुलिस टीम, लोहझरी, केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा एवं कवर्धा बी टीम शामिल रही।

# गोपाष्टमी के अवसर पर तीन दिवसीय गौ महोत्सव प्रारंभ

■ गौमाता की पूजा, हवन, गौकथा और भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गौमाता भारतीय संस्कृति, पर्यावरण और मानवता की आधारशिला हैं। इन्हीं के संरक्षण और संवर्धन के संकल्प के साथ केशव गौशाला लोहरा (रोहरा), तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर तीन दिवसीय गौ महोत्सव का आयोजन किया गया है।

जिसका शुभारंभ 28 अक्टूबर को किया गया वहीं समापन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दौरान गौमाता की पूजा, हवन, गौकथा और भजन-संकीर्तन के माध्यम से गौसेवा के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस पवित्र आयोजन में कथा वाचक पं. ओमप्रकाश ठाकुर अपने प्रेरक प्रवचनों के माध्यम से गौमाता की महिमा, गोसेवा का महत्व और सनातन संस्कृति से इसके गहरे संबंध पर प्रकाश डालेंगे। सह-प्रवचन सत्यदत्त शास्त्री ग्राम- केशरमरा द्वारा किया जाएगा।

आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन हवन पूजन प्रातः 9.00 से 12.00 बजे तक, भजन-संकीर्तन दोपहर 12. 00 से 2. 00 बजे तक गौकथा दोपहर 2.00 से शाम 6 00 बजे तक, गौमाता व श्रीकृष्ण आरती प्रतिदिन शाम 6.00 बजे तथा रात्रि भजन रात 8.00 से 11.00 बजे तक किया जाएगा। गौमाता के संरक्षण को राष्ट्रधर्म मानते हुए यह आयोजन पूरे क्षेत्र में गौरक्षा और पर्यावरण-संवर्धन की चेतना जगाने का कार्य करेगा। आयोजक समिति ने सभी गौभक्तों, धर्मप्रेमियों और संस्कृतिप्रेमियों से परिवार सहित इस आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना एवं एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह सद्भावना दौड़ 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 7:00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय कवर्धा से प्रारंभ होगी। दौड़ का मार्ग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रानी दुर्गावती चौक, अंबेडकर चौक, सिग्नल चौक होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक रहेगा। सद्भावना दौड़ में जिले के विद्यार्थी, युवा, पुलिस बल, सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले सकेंगे। दौड़ का आयोजन दो वर्गों में किया जाएगा बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 5,000 रुपये एवं शील्ड मोमेंटो, द्वितीय स्थान को 3,000 रुपए एवं मोमेंटो, तृतीय स्थान को 2,000 रुपये एवं मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। सद्भावना दौड़ में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए गूगल लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से प्रतिभागी अपनी जानकारी भरकर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सद्भावना दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और भाईचारे के इस संदेश को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए दौड़, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करें। उन्होंने आगे कहा कि इस दौड़ में सभी आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि जिले में सामाजिक समरसताए देशभक्ति और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करेगा। जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा आयोजित यह सद्भावना दौड़ समाज में आपसी सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने के उद्देश्य से की जा रही है।

### कामता पाटिल को दी गई श्रद्धांजलि




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में स्वर्गीय कामता प्रसाद पाटील व्याख्याता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शोकसभा का आयोजन कर श्री पाटिल के तेलचित्र में पुष्पहार, फूल माला अर्पित कर विद्यालय के व्याख्याता गण एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने बताया कि कामता पाटिल का जन्म 10 जुलाई 1981 को हुआ था तथा वे शिक्षकीय जीवन में 2008 में आए। 2011 से लेकर आज पर्यंत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में 14 वर्षों से सेवारत रहे। इस दौरान वे जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का कार्य, बोर्ड मूल्यांकन में डिप्टी हेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य स्तर पर कला उत्सव में लगातार भाग लेते रहे। वे बहुत ही सरल और सौम्य छवि के थे। उनके द्वारा लगातार परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत दिया जाते रहा है। उनके आकस्मिक निधन से शाला परिवार बहुत स्तब्ध है एवं उनके परिवार को इस दुख को सहने के लिए क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अजय कुर्रे, जय लक्ष्मी शर्मा, बरखा रानी साहू, शोभना जांगड़े,आशा अवस्थी, पूजा सिंह ,विधि राम चंद्रवंशी, कमलेश तिवारी, शिवेंद्र चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, ऊषा गुप्ता, प्रियंका टोप्पो, बिंदेश्वरी सिन्हा, धनंजय यादव, रणंजय सुतार, जलेश्वर पाली आदि उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास के शुभारंभ अवसर पर स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना में स्मार्ट क्लास की ऐतिहासिक शुरुआत करने के बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को अब नवीन शिक्षण विधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे शिक्षा अधिक रोचक, व्यवहारिक और गुणवत्तापूर्ण बनेगी। इस अवसर पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, संतोष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, मोहन धुर्वे, गजानंद यादव, मीलू साहू, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, ग्रामीण, शिक्षक उपस्थित थे।

### डांस प्रतियोगिता एक को

**खड़गांव।** नवयुवक समिति अटल चौक खडगांव द्वारा आगामी एक नवंबर को देवउठनी एकादशी एवं तुलसी विवाह के अवसर पर डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। सामूहिक, युगल और एकल ग्रुप में आयोजित डांस प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट, मारो में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

## भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# डड़सेना कलार समाज सशक्त व संगठित होकर बढ़ रहा आगे: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मंगलवार को कवर्धा शहर के भारत माता चौक में डड़सेना कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शमिल होकर समाज के साथ पारंपरिक और आध्यात्मिक उत्सव साझा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर रोड स्थित भगवान सहस्त्रबाहु चौक का सौंदर्यीकरण तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की भव्य प्रतिमा की स्थापना करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि डड़सेना कलार समाज आज सशक्त रूप से संगठित होकर एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि नई पीढ़ी जागरूक और लक्ष्य के प्रति समर्पित है। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि समाज के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर प्रशासनिक और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो न केवल समाज बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दिखाई जा रही एकजुटता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की भावना प्रेरणादायक है। इसी संगठित प्रयास का परिणाम है कि समाज की नई पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
विलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411